# मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झाँसी

प्रकीर्ण वाद संख्या–३७/२०२० (एम.ए.सी.पी. सं. ४९९/२०१८)
विक्रम यादव बनाम संजय कुमार आदि
**<u>२२.०९.२०२०</u>**

३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थी/याची विक्रम यादव द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त याचिका में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक २४.१२.२०१९ को पारित निर्णय के अनुपालन में विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा मुब. २९,१७५/–रु. एवार्ड की धनराशि न्यायाधिकरण में जमा कर दी है। अतः जमाशुदा धनराशि उसके पक्ष में रिलीज किये जाने की कृपा की जाए। समर्थन में ४सी२ स्वयं का शपथपत्र, ५ सी१ आधार कार्ड की छाया प्रति, ६सी१ प्रार्थी विक्रम यादव के बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रति दाखिल की गई हैं।

प्रार्थी न्यायाधिकरण के समक्ष मय विद्वान अधिवक्ता वर्चुअल न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता को वर्चुअल न्यायालय में सुना गया तथा एम.ए.सी.पी. सं.४९९/२०१८ विक्रम यादव बनाम संजय कुमार की पत्रावली व प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद की पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रार्थनापत्र का समर्थन अपने शपथपत्र ४सी२ द्वारा किया गया है, जिसमें कथन किया गण है कि न्यायाधिकरण के उक्त आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन नहीं है। मूल पत्रावली पर उपलब्ध एम.ए.सी.पी. सं. ४९९/२०१८ में पारित निर्णय के अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत प्रकरण में मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण/अपर जिजला जज, न्यायालय सं. ८, झाँसी द्वारा दिनाँक २४.१२,२०१९ को मुब. २७,१४५/–रु. जरिए चैक याची को नकद भुगतान किये जाने हेतु एवार्ड पारित किया गया है। कार्यालय आख्या दिनाँकित १९.०९.२०२० के अनुसार चैक रजिस्टर के क्रमांक १५ पर २९,१७५/– रु. पी.एन.बी शाखा झोकन बाग, झाँसी में जमा होने का इन्द्राज है। ६सी१ प्रार्थी विक्रम यादव बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रति दाखिल की गई। मेरे विचार से न्यायाधिकरण के उक्त आदेश के अनुपालन में प्रार्थी/याची विक्रम यादव के बैंक खाते में मुब. २९,१७५/– जरिये आर.टी.जी.एस./नेफ्ट स्थानान्तरित किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी. सं. ४४९/२०१८ (प्रकीर्ण वाद सं. ३७/२०२० विक्रम यादव बनाम संजय कुमार आदि) के प्रकरण में जमा क्षतिपूर्ति धनराशि प्रार्थी को निम्न सारिणी के अनुसार को भुगतान कर देंः–

| Applicant/ petitioner | Amount in Rs. | + (%of) Interest Accrued on Deposited Amount | Mode of Disbursment | Bank Account Number | Bank | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Vikram Yadav | 29,175 | 100 | Elect.Mode RTGS/NEFT | 38416228785 | State Bank of India | SBIN0000131 |
| Total | 29175 | 100 | | | | |

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई–मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। ३बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झांसी।

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.09.22 19:08:53 IST
Reason: Presiding Officer
Location: MACT JHANSI